Asthal Bohar, Rohtak-124021
NH-10, NCR, Haryana (India)

BMU IN NEWS

BABA MASTNATH UNIVERSITY

30 May, 2022
Wednesday
Page No.1

दैनिक ट्रिब्यून

बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में आयोजन

सेमिनार में पूंजी के सुरक्षित निवेश के बताये तरीके

रोहतक, 28 मई (हप्र)

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के सौजन्य से 'सिक्योरिटी मार्केट एवं इन्वेस्टमेंट' पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार एनएसडीएल, सेबी तथा एनएसई के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय की प्रो चांसलर डॉ. अंजना राव, कुलपति प्रो. डॉ. रमेश कुमार, कुलसचिव डॉ.इंद्रजीत सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश सिंगला, एडवाइजर ओपी सचदेवा, डीन एकेडमिक डॉ. नवीन कुमार शर्मा ने की। प्रो चांसलर डॉ. अंजना राव ने कहा कि धन कमाना एक कला है, लेकिन उससे भी बड़ी कला उसको सुरक्षित और संरक्षित करना है इसलिए हमें बाजार की किसी भी स्कीम के तहत पैसा लगाने से पहले उससे संबंधित सभी दस्तावेजों को ध्यान पूर्वक पढ़ना और समझना चाहिए। मुख्य वक्ता सेबी के मैनेजर रवि जायसवाल ने बताया कि हम अपनी एकत्र पूंजी को कहां-कहां किस प्रकार निवेश कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि म्यूचुअल फंड में पैसा लगाना सबसे सुरक्षित है, जहां रिस्क कम और ग्रोथ ज्यादा है। एनएसडीएल संस्था की सीनियर मैनेजर रितिका पंवार ने बताया कि जो इन्वेस्टर अपने फंड में ग्रोथ करना चाहते हैं उन्हें एक्टिविटी फंड में इन्वेस्ट करना चाहिए। इसी संदर्भ में एनएसडीएल संस्था के असिस्टेंट मैनेजर करण कोहली ने बताया कि डिमेट अकाउंट क्या है और इसे किस प्रकार ओपन किया जा सकता है तथा इसके क्या क्या फायदे हैं। कार्यक्रम में डॉक्टर पल्लवी भारद्वाज भी मौजूद थी। इस अवसर पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के चेयरमैन प्रो. मनोज कुमार, डॉ.ललित कुमार, डॉ. सुभाष चन्द्र गुप्ता, डॉ. मनोज वर्मा, डॉ. रवि राणा, डॉ. अरूणांचल, डॉ.जसप्रीत दहिया, डॉ.प्रवीण भट्ट, डॉ.विकास भारद्वाज, डॉ.मोनिका चाहर, डॉ. देवेंद्र वशिष्ठ, संदीप, इंद्रप्रीत, संध्या, वर्षा, नीलम, ज्योति, अवनी भी उपस्थित रहे।

अमर उजाला

बीएमयू में निवेश पर सेमिनार

रोहतक। बीएमयू में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से सिक्योरिटी मार्केट एवं इन्वेस्टमेंट विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार का आयोजन एनएसडीएल, सेबी व एनएसइ संस्थाओं के सहयोग से किया गया। बीएमयू की प्रो चांसलर डॉ. अंजना राव, कुलपति प्रो. डॉ. रमेश कुमार, कुलसचिव डॉ. इंद्रजीत सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश सिंगला, एडवाइजर ओपी सचदेवा व डीन एकेडमिक डॉ. नवीन कुमार शर्मा ने दीप जलाकर सेमिनार की शुरुआत की। डॉ. अंजना राव ने कहा कि धन कमाना एक कला है। लेकिन उससे भी बड़ी कला उसको सुरक्षित व संरक्षित करना है। मुख्य वक्ता सेबी के मैनेजर रवि जायसवाल ने बताया कि हम अपनी पूंजी को कहां और किस प्रकार निवेश कर सकते हैं। ब्यूरो

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

बीएमयू में सिक्योरिटी मार्केट एवं इन्वेस्टमेंट विषय पर सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से सिक्योरिटी मार्केट एवं इन्वेस्टमेंट विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का आयोजन एनएसडीएल, सेबी तथा एनएसई संस्थाओं के सहयोग द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय की प्रो चांसलर डॉ. अंजना राव, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. रमेश कुमार, कुलसचिव डॉ. इंद्रजीत सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश सिंगला, एकेडमिक डॉ. नवीन कुमार शर्मा आदि ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय की प्रो चांसलर डॉ. अंजना राव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि धन कमाना एक कला है लेकिन उससे संरक्षित करना है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सेबी संस्था के मैनेजर रवि जायसवाल ने बताया कि हम अपनी एकत्र पूंजी को कहां कहां किस प्रकार निवेश कर सकते हैं। एनएसडीएल संस्था की सीनियर मैनेजर रितिका पंवार ने बताया कि चाहते हैं। मंच का संचालन डॉक्टर पल्लवी भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम के अंत में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के चेयरमैन प्रो. मनोज कुमार अंतिल ने कार्यक्रम से जुड़े सभी वक्ताओं का धन्यवाद किया। इस मौके पर डॉ. ललित कुमार, डॉ. सुभाष चन्द्र गुप्ता, डॉ. मनोज वर्मा, डॉ. रवि राणा, डॉ. अरूणांचल, डॉ.जसप्रीत दहिया, डॉ. प्रवीण भट्ट, डॉ. विकास भारद्वाज, डॉ.मोनिका चाहर, डॉ. देवेंद्र वशिष्ठ, डॉ. नवदीप बिसला, डॉ. जगदीश आचार्य, डॉ. तरुण, डॉ. अरुप गिरी, रेनू मलिक, संदीप इंद्रप्रीत संध्या वर्षा नीलम